# <u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
## <u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**25 मई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। प्रत्येक विकास खंड स्तर पर साप्ताहिक चौपाल आयोजित करने के दिए निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली की मांग के बीच प्रदेश में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। कहा– हर उपभोक्ता को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने नई दिल्ली में कई मुद्दों पर की चर्चा। ताजमहल देखने आज आगरा जाएंगे अमेरिकी विदेश मंत्री।
- प्रदेश में अभी और बढ़ेगा गर्मी का प्रकोप। पूर्वी जिलों के लिए भीषण लू का रेड अलर्ट जारी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून–व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक विकास खंड स्तर पर साप्ताहिक चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन चौपालों में राजस्व वाद, घरेलू हिंसा, अवैध वसूली और स्थानीय स्तर की शिकायतों का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। श्री योगी ने आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन से मिली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टिपरक निस्तारण पर बल देते हुए कहा कि शिकायतों में किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गंगा दशहरा और बकरीद को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच प्रदेश में सुचारू और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों सहित प्रदेश के हर उपभोक्ता को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ में ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत सहित ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन और डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

**प्रदेश में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए उत्पादन इकाइयों की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जाए और सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रख–रखाव व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक मजबूत, आधुनिक एवं भरोसेमंद बनाने पर जोर देने के साथ फीडर वाइज मॉनीटरिंग करके जवाबदेही तय करने और शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने आंधी–तूफान के बावजूद विद्युत व्यवस्था बहाल रखने के लिए त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम सक्रिय रखने को कहा। दीपाली सिंह आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित एवं तकनीक आधारित बनाने के लिए पुलिस रेडियो यूनिट को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस की लोकेशन, मूवमेंट और संचार गतिविधियों की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, कल शाम को ही आयुष विभाग की एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने 'आयुष हेल्थ एंड वेलनेस नीति–2026' को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए।

**********

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई को त्रुटिरहित पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सहायता के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.टी मद्रास और आई.आई.टी कानपुर के प्रोफेसरों तथा तकनीकी विशेषज्ञों का एक दल तैनात करने का निर्देश दिया है। यह निर्णय सी.बी.एस.ई के परीक्षा परिणाम सेवा पोर्टल के संबंध में विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंताओं और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि दोनों आई.आई.टी के विशेषज्ञ दल प्रणाली में तकनीकी सुधार लागू करेंगे और विशेष रूप से पोर्टल की स्थिरता तथा सर्वर के सुचारू संचालन की जांच करेंगे।

इस बीच, शिक्षा मंत्री ने कल वित्त और कार्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन से मुलाकात की और सी.बी.एस.ई. परिणाम और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान तकनीकी और भुगतान से संबंधित चुनौतियों के बारे में बातचीत की।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि विचार–विमर्श के दौरान यह तय किया गया कि भारतीय स्टेट बैंक, बड़ौदा बैंक, कैनरा बैंक और इंडियन बैंक सी.बी.एस.ई. की भुगतान प्रणाली को सुदृढ़ करने में मदद करेंगे। श्री प्रधान ने सी.बी.एस.ई को अपनी भुगतान प्रणाली में पूरी तरह बदलाव लाने के निर्देश दिए हैं।

**********

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने अट्ठाइस मई को प्रस्तावित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट–सीयूईटी यूजी दो हजार छब्बीस स्थगित कर दिया है। एनटीए के अनुसार बकरीद की छुट्टी की तारीख में बदलाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

**********

भारत दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो आज आगरा में ताजमहल देखने जाएंगे। वह विशेष वायुयान से आगरा पहुंचेंगे। एक रिपोर्ट–

**अमेरिकी विदेश मंत्री का काफिला खेरिया एयरपोर्ट से शिल्पग्राम पहुंचेगा। शिल्पग्राम से बैटरी चालित गोल्फ कार्ट में बैठकर वह ताजमहल के पूर्वी गेट पहुंचेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री के आगरा भ्रमण के मद्देनजर केंद्रीय एवं प्रांतीय खुफिया एजेंसी सतर्क हैं। ताजमहल के आसपास के होटलों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री के ताजमहल भ्रमण के दौरान आम पर्यटकों के लिए ताजमहल खुला रहेगा। सज्जन सागर आकाशवाणी समाचार आगरा।**

इस बीच, भारत के विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर और अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कल नई दिल्ली में कई मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर अमरीका के विदेश मंत्री ने भागीदारी के रणनीतिक आयामों का उल्लेख किया और भारत को अमरीका का सबसे महत्वपूर्ण भागीदार बताया।

**********

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कल लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, कोआर्डिनेटर और जिलाध्यक्षों के साथ वर्ष दो हजार सत्ताइस में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। इस दौरान बसपा प्रमुख ने उन्हें जीत का मंत्र देते हुए कहा कि प्रदेश में बसपा की एक बार फिर से सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जायें। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव जिस प्रकार की नई–नई चुनौतियों के बीच हो रहे हैं, उसको देखते हुए पार्टी को तैयारियों के हर स्तर पर और भी चुस्त–दुरुस्त तथा मुस्तैद बनाने की जरूरत है।

**********

हापुड़ की तीर्थनगरी गढ़मुक्तेश्वर में आज से गंगा दशहरा पर्व का आयोजन हो रहा है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कल डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर से मेला क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। वहीं अमरोहा में भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल से ही रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया। एक रिपोर्ट–

**ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर गंगा स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु हापुड़ की तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर बृज घाट पहुंच रहे हैं। उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए घाटों पर पीएसी, फ्लड पीएसी, फायर टेण्डर्स के साथ एम्बुलेंस और डॉक्टरों की टीम तैनात रहेगी, इसके साथ ही यातायात को सुचारू रखने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया गया है। नदी में बैरिकेटिंग कराने के साथ गोताखोर और नाविक भी तैनात रहेंगे। मेला क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। तीन दिन तक चलने वाले मेला में श्रद्धालुओं के लिए जगह–जगह ठंडे पानी की आपूर्ति के लिए वाटर कैम्पर और वाटर टैंकर की व्यवस्था की गई है। रविंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार हापुड़।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का असर जारी रहने की चेतावनी दी है। लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि प्रदेश में गर्मी का प्रकोप बढ़ने की संभावना है।

**जैसा कि पिछले दिनों में गर्मी का असर है। उसी तरीके से आने वाले दिनों में भी गर्मी का असर बनेगा। उसके बाद जैसा कि एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है तो कहीं ना कहीं 28 तारीख से थोड़ा सा जो तराई बेल्ट है सेंट्रल पार्ट में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है तो कहीं ना कहीं अगले 4–5 दिनों के बाद तापमान में धीरे–धीरे गिरावट होने की संभावना है।**

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में दिन के समय कुछ स्थानों पर कल तक के लिए भीषण लू का रेड अलर्ट भी जारी किया है।

**********